आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 16.05.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव के संबंध में एनकोर एप्लीकेशन में मतगणना मॉडयूल पर कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण का आयोजन किया।
- नागरिकता–संशोधन अधिनियम दो हजार चौबीस की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है।
- मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने अन्य अधिकारियों के साथ कल बसंतीपुर, हरिनगर और स्वदेशनगर ग्राम पंचायतों का दौरा किया।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की जून टर्म एंड परीक्षा के लिए हॉल टिकट इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।
- यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा पोर्ट ब्लेयर से शहीद और स्वराज द्वीप में यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जहाजरानी विभाग की ओर से इन द्वीपों की यात्रा के वर्तमान समय को पुनः निर्धारित किया गया है

<><><><><><><>

भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव के संबंध में एनकोर एप्लीकेशन में मतगणना मॉडयूल पर कल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुआ। इसमें सहायक निर्वाचन अधिकारी आनन्द वर्धन मिश्रा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तकनीकी टीम ने भाग लिया। द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस. जगलान ने बताया कि पोर्ट ब्लेयर के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र पर आयोग के निर्देशों के अनुसार सुचारू व्यवस्था की गई है। एनकोर के मतगणना मॉडयूल को सीखने और परीक्षण करने के लिए निर्वाचन आयोग की तकनीकी टीम ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से महत्वपूर्ण निर्देशों और ईवीएम वोट, पोस्टल बैलेट वोट और परिणाम की घोषणा से संबंधित अपनाए जाने वाले चरणों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

नागरिकता–संशोधन अधिनियम दो हजार चौबीस की अधिसूचना के बाद नागरिकता प्रमाण पत्रों का पहला सेट जारी किया गया है। गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने कल नई दिल्ली में चौदह आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। गृह मंत्रालय के अनुसार कई अन्य आवेदकों को डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र ई–मेल के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। ये आवेदन इक्तीस दिसम्बर दो हजार चौदह तक भारत में प्रवेश कर चुके पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों से प्राप्त हुए थे।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने अन्य अधिकारियों के साथ कल बसंतीपुर, हरिनगर और स्वदेशनगर ग्राम पंचायतों का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उपायुक्त ने मनरेगा के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंताओं को बचे हुए श्रम दिवसों में काम शामिल करने और इसे पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत विभाग को अगले दस दिनों में खम्भे लगाने का कार्य जल्द पूरा करने और क्षेत्र में कम वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाने का भी निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क से जुड़े मुद्दों के संबंध में अण्डमान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया। जिला उपायुक्त ने हरिनगर पंचायत, कोरंगनाला जल स्रोत का भी दौरा किया, जहां बांध बनाए जाने का प्रस्ताव है। जिला उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देश जारी किया।

<><><><><><><>

इस वर्ष बारहवीं की परीक्षा में ग्रेट अंडमानिस समुदाय के इले नामक एक विद्यार्थी ने बयासी प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने कला विषय के साथ बोर्ड की परीक्षा पास की है। वनवासी कल्याण आश्रम ने इस सफलता के लिए गर्ल्स स्कूल की छात्रा के साथ स्कूल के सभी शिक्षकों के प्रति भी अपना आभार प्रकट किया है। द्वीपों में वनवासी कल्याण आश्रम आदिवासी समुदाय के लोगों को पढ़ाई के लिए हमेशा प्रोत्साहित करता रहा है। इससे पहले टीचा नामक एक विद्यार्थी भी पढ़ाई के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और इस समय

वह अनिम्स पोर्ट ब्लेयर में एम बी बी एस की पढ़ाई कर रही है। एक और इसी समुदाय के युवक इस समय अंडमान लोक निर्माण विभाग में जे ई सिविल के पद पर कार्यरत है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की जून टर्म एंड परीक्षा के लिए हॉल टिकट इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है। परीक्षार्थियों से इसे डाउनलोड करने को कहा गया है। परेशानियां होने पर इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है। द्वीपसमूह की सभी सातों परीक्षा केन्द्रों में सात जून से परीक्षा आरंभ होगी।

उधर, खालसा पब्लिक स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा में सत्ताईस मई से प्रवेश प्रकिया आरंभ होगी। फार्म प्राप्त करने के लिए स्कूल कार्यालय से दिन में दस बजे से दो बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने जहाज़रानी विभाग में नाविकों के खाली पड़े अस्सी पदों को भरे जाने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि द्वीपों में योग्य युवाओं के मौजूद होने के बावजूद अब तक इन पदों को नहीं भरा गया है। सांसद ने इन पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे प्रतीक्षा कर रहे योग्य उम्मीदवारों को रोज़गार के अवसर भी मिलेंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान पुलिस ने वेश्यावृत्ति के मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी की है। पुलिस को जानकारी मिली कि डॉलीगंज में सोमा मंडल नामक एक महिला किराए के घर में वेश्यावृत्ति का धंधा चला रही है। सूचना के बाद पहाड़गांव थाना की परिवीक्षाधीन आई पी एस अनुस्था कालिया और अन्य पुलिस कर्मियों ने स्वतंत्र गवाहों के साथ छापामारी की। इस दौरान सोमा मंडल, रिंकु जाना और एम. फरीदा बीबी को वेश्यावृत्ति कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आम जनता से अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सूचना देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

शोलबे उन्नीस समुद्र तट पर कल स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत शोलबे की ओर से विभिन्न विभागों और ग्रामवासियों के सहयोग से चलाए गए इस अभियान में एक सौ से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया और डेढ़ सौ थैलो से अधिक कचरों को एकत्र किया गया।

पंचायत प्रधान ए. आर कुमार ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों के प्रति पर्यावरण को साफ–सुथरा बनाए रखने के लिए उनके सहयोग के वास्ते धन्यवाद दिया। पंचायत सचिव मोहम्मद वसीम ने भी उपस्थिति को संबोधित किया।

<><><><><><><>

शहीद और स्वराज द्वीप में यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जहाज़रानी विभाग की ओर से पोर्ट ब्लेयर से इन द्वीपों की यात्रा के वर्तमान समय को पुनः निर्धारित किया गया है। बीस मई से पोर्ट ब्लेयर से जलयान शाम तीन बजे शहीद द्वीप के लिए छूटेगा और चार बजकर पचास मिनट से शहीद द्वीप से स्वराज द्वीप के लिए प्रस्थान करेगा। स्वराज द्वीप से जलयान अगले दिन सुबह साढ़े पांच बजे शहीद द्वीप जाएगा और शहीद द्वीप से सुबह सात बजे रवाना होते हुए आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर पोर्ट ब्लेयर पहुंचेगा। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से यह कदम उठाया गया है।

उधर, यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए जहाज़रानी विभाग की ओर से अतिरिक्त जलयानों की व्यवस्था की गई है। एम.वी. कालीघाट कल रात्रि नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान जाएगा और अट्ठारह मई की सुबह आठ बजे इसकी वापसी होगी। एम.वी. भारत सीमा कल शाम सात बजे पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर होते हुए डिगलीपुर जाएगा और अट्ठारह मई को दिन में दो बजे मायाबंदर होते हुए इसकी वापसी होगी। नालंदा अट्ठारह मई को सुबह नौ बजे पोर्ट ब्लेयर से ननकौड़ी के रास्ते कैम्पबेल बे जाएगा और बीस मई को सुबह आठ बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी होते हुए पोर्ट ब्लेयर आएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन लड़के और लड़कियों के लिए कोचिंग कैम्प का आयोजन करेगा। मुख्यभूमि से पेशेवर फुटबॉल कोच शिविर में खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलने के हुनर सिखाएंगे। पच्चीस मई तक पंजीकरण कराया जा सकता है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाने की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने सिक्किम के स्थापना दिवस पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी के शुभकामना संदेश को प्रमुखता देते हुए बॉक्स में प्रकाशित किया है। सांसद कुलदीप राय शर्मा के जहाजरानी सेवा निदेशालय में सी मैन के खाली पड़े अस्सी पदों को भरे जाने के अनुरोध की खबर को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने में जगह दी है। मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलकुश मीणा द्वारा विभिन्न गांवों का दौरा करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने सचित्र प्रकाशित किया है। अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाना की टीम द्वारा नशीले पदार्थों का कारोबार करने के आरोप में अब तक कुल आठ लोगों की गिरफ्तारी करने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी और अण्डमान क्रोनिकल में जगह मिली है।

<><><><><><><>